दूरभाष–01373-223433
Email-gwlspurola@gmail.com

कार्यालय–उप निदेशक,
गोविन्द वन्य जीव विहार एवं राष्ट्रीय पार्क, पुरोला।

पत्रांक 1313 /12–1 पुरोला दिनांक– 16 दिसम्बर 2022

सेवा में

निदेशक/वन संरक्षक
राजाजी टाइगर रिजर्व
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी के अन्तर्गत सुपिन नदी पर प्रस्तावित 44 मे०वा० क्षमता की जखोल–सांकरी जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु 24.317 है० वन भूमि के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उप महानिदेशक (वन) पर्यावरण, वन एवंज जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय का पत्रांक–8बी/यू०सी०पी०/01/146/2018/एफ०सी०/1010 दिनांक–19 अक्टूबर 2022।

महोदय,

सादर अवगत होना चाहे कि उप महानिदेशक (वन) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी के अन्तर्गत सुपिन नदी पर प्रस्तावित 44 मे०वा० क्षमता की जखोल–सांकरी जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु– 24.317 है० वन भूमि के सम्बन्ध में दो बिन्दुओ पर सूचना चाही गयी थी। मुख्य महाप्रबन्धक/परि० प्रमुख जखोल–सांकरी हाईड्रो ईलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट मोरी, उत्तरकाशी के द्वारा अपने पत्रांक–एसजेवीएन/जसांजविपरि/वन भूमि/22–08–11 दिनांक–22 नवम्बर 2022 द्वारा प्रश्नगत सूचना सीधे उप महानिदेशक (वन) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून को उपलब्ध कराते हुये उसकी एक प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रयोक्ता विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या को संलग्न कर महोदय की सेवा में इस अनुरोध से प्रेषित कि प्रकरण पर अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करना चाहे।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार प्रयोक्ता विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी आंख्या।

भवदीय

(डी०पी०बलोनी)
उप निदेशक,
गोविन्द वन्य जीव विहार एवं राष्ट्रीय पार्क
पुरोला, उत्तरकाशी

पत्रांक 1313 / 12–1 समदिनांकित ।

प्रतिलिपिः– उप वन संरक्षक टौन्स वन प्रभाग, पुरोला को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– मुख्य महाप्रबन्धक/परि० प्रमुख जखोल सांकरी हाईड्रो ईलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट मोरी, उत्तरकाशी को उनके पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(डी०पी०बलोनी)
उप निदेशक,
गोविन्द वन्य जीव विहार एवं रा०पार्क
पुरोला, उत्तरकाशी

O/C

Mr chauhan/land transaf